हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 13 जून 2025

तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

14 सीमेंट संयंत्र का गंदा पानी खेतों में घुसा, किसानों ...


14 हथमल दंपति ने कुर्मी समाज को दान में दिए 15 लाख







### राहगीर को रोककर 49 हजार लूटकर हुए थे फरार, सीसीटीवी फुटेज में पकड़ाये

# लूट के आरोपी 5 युवक गिरफ्तार, जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

लवन नगर में लूटपाट करने वाले 5 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट के 2 घंटे के भीतर सभी आरोपियों को हिरासत में लिया। पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर लूट के आरोपियों की पहचान की गई। आरोपियों द्वारा लवन शराब दुकान के पास बलपूर्वक 49 हजार लूटकर हो गए फरार हो गए थे। आरोपियों से पुलिस ने लूट की रकम 36 हजार बरामद की और घटना को अंजाम देने में उपयोग की गई बाइक को जब्त किया गया। आरोपी लोकेश निर्मलकर 35 वर्ष निवासी लवन, प्रीतम साहू 35 वर्ष, मनीष खूंटे 35 वर्ष और रवि शंकर कुर्रे उर्फ चोलाराम 30 साल निवासी लवन तथा भरत बंजारे 28 वर्ष ग्राम बगबुडा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।



11 जून को प्रार्थी पीतराम पैकरा निवासी ग्राम कोहरौद द्वारा रिपोर्ट दर्ज करायी गई कि 10 जून को पैसा निकालने के लिए गांव के रामसिंह खांडे के साथ उसकी मोटरसाइकिल से बलौदाबाजार गए, जहां बैंक से 49 हजार रुपए निकाले, जिसमें से 1000 लेनदेन कर खर्च किया एवं वापस आते समय लवन शराब भट्टी पहुंचे, जहां पर 500 रुपए की शराब खरीद कर वापस जाने के लिए निकले ही थे। तभी एक अज्ञात लड़का उनके पास पहुंचकर झगड़ा विवाद करते हुए प्रार्थी एवं उसके मित्र को बाइक से नीचे उतार लिया। साथ ही उस अज्ञात लड़के के 4 अन्य साथी वहां पर पहुंचकर विवाद करने लगे और प्रार्थी के जेब में रखे 47,500 रकम को बलपूर्वक डराते धमकाते लूट कर फरार हो गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 310(2), 351(3) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

पुलिस द्वारा त्वरित जांच विवेचना करते हुए, आरोपियों के संबंध में पताशाजी प्रारंभ की गई। साथ ही शराब दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज का भी गहन अवलोकन किया गया, जिसके आधार पर लूट की घटना में शामिल 5 आरोपियों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा प्रार्थी से लड़ाई झगड़ा करते हुए उसके जेब में रखे उक्त रकम को लूट कर फरार हो जाना स्वीकार किया गया। प्रकरण में आरोपियों से लुट गए रकम में से 36 हजार बरामद कर घटना में प्रयुक्त एक बाइक भी जब्त की गई। प्रकरण में सभी 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया।

## गांजा तस्करी का फरार आरोपी गिरफ्तार

बलौदाबाजार। अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी के प्रकरण में फरार आरोपी गोपाल बंजारे को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पूर्व में कृषि उपज मंडी बलौदाबाजार के पास अवैध मादक पदार्थ गांथा की तस्करी करते हुए पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया था। जांच में आरोपी से 34 किलो गांजा जब्त किया गया था। परिस्थितिजन्य साक्ष्यों, तकनीकी विश्लेषण एवं पूर्व में गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ के आधार पर आरोपी गिरफ्तार किया है। 19 अप्रैल को मुखबिर की सूचना पर थाना सिटी कोतवाली पुलिस टीम ने कृषि उपज मंडी के पास घेराबंदी कर आरोपी आकाश कुर्रे को अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया था तथा प्रकरण में आरोपी से 34 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त किया गया था। प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने प्रकरण में शामिल अन्य आरोपी के संबंध में लगातार छानबीन कर रही थी। इसी बीच परिस्थितिजन्य साक्ष्यों, तकनीकी विश्लेषण एवं आरोपी से विस्तृत पूछताछ के आधार पर आरोपी के साथ अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने में सहयोग करने वाले ग्राम मिशन परसाभदेर निवासी 25 वर्षीय गोपाल बंजारे को हिरासत में लिया है, जो की पूर्व में गिरफ्तार आरोपी आकाश कुर्रे का रिश्ते में साला लगता है। पुलिस टीम द्वारा आरोपी से विस्तृत पूछताछ की, जिसमें आरोपी द्वारा पूर्व में गिरफ्तार आरोपी आकाश कुर्रे के साथ अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करना स्वीकार किया। प्रकरण में आरोपी को 11 जून को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा है।2



# ट्रैक्टर-बाइक में भिड़ंत एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवां



सरसीवां थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिलासपुर टाटा में सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बाइक सवार युवक अपने पड़ोसी के साथ बैंक के कार्य से गाताडीह जा रहा था, तभी मुरूम से भरे एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसे चपेट में ले लिया। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा सुरक्षित बच गया। हादसा सुबह करीब 10 बजे के आसपास का बताया जा रहा है। मृतक युवक कनिष टंडन 19 वर्ष ग्राम भिनोदी के रूप पहचान की गई हुई है जो अपने ही पड़ोसी के साथ भिनोदी से बैंक कार्य हेतु गाताडीह जा रहा था। ग्राम टाटा के पास पहुंचते ही मुरूम से लदा एक ट्रैक्टर अचानक बिना संकेत दिए मुख्य मार्ग से एक गली की ओर मोड़ दिया गया, जहां मोटरसाइकिल चालक ने हॉर्न भी दिया, लेकिन लापरवाह ट्रैक्टर चालक ने ध्यान नहीं दिया जिससे चलते ट्रैक्टर के साथ मोटरसाइकिल की भिड़ंत हो गई और भीषण हादसा हो गया।

हादसे के बाद टाटा गांव का रहने वाला ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। घटना ▶▶ शेष पेज 13 पर

### पुलिस मामले की मर्ग कायम कर जांच में जुटी

मोटरसाइकिल के पीछे बैठा युवक जो हादसे में बच गया उस ने बताया कि ट्रैक्टर एक नाबालिग या बहुत ही कम उम्र का युवक चला रहा था। उन्होंने समय रहते हॉर्न भी दिया, लेकिन चालक ने अनसुना कर ट्रैक्टर को अचानक मोड़ दिया, जिससे यह दुर्घटना हुई। सूत्रों के अनुसार ग्राम टाटा स्थित एक तालाब में जेसीबी से मुरूम निकाली जा रही थी। उसी मुरूम को लेकर ट्रैक्टर चालक मुख्य मार्ग से होते हुए गाताडीह की ओर जा रहा था। इसी बीच टाटा चौक से कुछ दूरी पर स्थित एक गली में मुड़ते समय यह दुर्घटना घटी। सरसीवां पुलिस मामले की मर्ग कायम कर जांच में जुटी है।



## खबर संक्षेप



### शहीद आकाश का बलिदान देश और समाज के लिए अपूर्णीय क्षति

**रायपुर।** सुकमा में नक्सली हमले में शहीद हुए रायपुर निवासी एडिशनल एसपी आकाश राव गिरेपूंजे के निवास पर पहुंचकर आज जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रेणु जोगी और प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने शोक संतप्त परिवार के साथ भेंट की और शहीद को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान डॉ. रेणु जोगी ने कहा, शहीद आकाश राव की वीरता और देश सेवा की भावना हमेशा अमर रहेगी। नक्सलवाद जैसी समस्या से लड़ते हुए उनका बलिदान राज्य और राष्ट्र के लिए अपूर्णीय क्षति है। हम उनके परिवार के दुःख में शामिल हैं और ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि शहीद के परिजनों को इस दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करे। प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने शहीद के साहस को सलाम करते हुए कहा, छत्तीसगढ़ की शांति और सुरक्षा के लिए शहीद आकाश राव का योगदान सदैव याद किया जाएगा।

### रावांभाठा स्वास्थ्य केंद्र के लापरवाह डॉक्टर पर कड़ी कार्रवाई की मांग

**रायपुर।** बीरगांव ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष योगेन्द्र सोलंकी एवं पार्षद इकराम अहमद ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि रावांभाठा स्थित स्वास्थ्य केन्द्र में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही एवं रात्रिकालीन ड्यूटी से गायब रहने वाले डॉक्टरों की वजह से रावांभाटा निवासी साक्षी निषाद की मृत्यु हो गई। लापरवाह स्वास्थ्यकर्मियों एवं डॉक्टरों पर कड़ी कानूनी कार्रवाइ एवं नवजात बच्चे की परवरिश व पढ़ाई का खर्च सरकार द्वारा उठाने की मांग को लेकर सोमवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री पंकज शर्मा के नेतृत्व में बीरगांव के जनप्रतिनिधि कलेक्टर रायपुर से मुलाकात करेंगे।

### डीएपी खाद की कमी से किसानों में हाहाकार



**रायपुर।** जिले के किसान इस समय डीएपी खाद की भारी कमी से परेशान हैं। डीएपी खाद की समस्याओं को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष उधोराम वर्मा सहित किसानों ने तत्काल खाद का भंडारण करने की मांग शासन से की है। साथ ही अविलंब भंडारण नहीं होने पर किसानों के साथ सड़क की लड़ाई लड़ी जाएगी। इसके अलावा समितियों में नगाड़ा बजाकर सरकार को जगाया जाएगा। श्री वर्मा ने बुधवार को विभिन्न गावों के किसानों से मुलाकात की, सभी किसानों ने खाद नहीं मिलने से आक्रोशित है। इसके बाद सद्दू, टेकारी, दोंदेकला, सारागांव, सिलयारी, बंगोली, गनियारी, आसौदा, बूढ़ेनि, फरहदा, बडेरा, माठ, खरोरा, कनकी, कुम्हारी, छड़ियां, पचरी, कुम्हारी सभी समितियों का निरीक्षण करने पर किसानों से चर्चा करने पर पता चला कही भी खाद नहीं है, बहुत से समितियों में बीज भी नहीं है।

### वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन ने पर्यावरण पर की विचार गोष्ठी

**रायपुर।** वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन सोशल एक्टीविटी ग्रुप की बैठक अरविन्द ओझा प्रदेश अध्यक्ष व नमिता शर्मा महिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में होटल एमराल्ड, चंगोराभाठा, रायपुर में हुई। इसमें वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन द्वारा पर्यावरण पर विचार गोष्ठी कर पर्यावरण में सुधार के लिए कार्य करने एवं वृक्षारोपण का संकल्प लिया गया। प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द ओझा ने बैठक में भारतीय संस्कृति में पर्यावरण के महत्व को बताते हुए भारतीय परंपरा और रीति-रिवाज को अपनाकर पर्यावरण में सुधार के लिए अपील की। महिला अध्यक्ष नमिता शर्मा ने सभी सदस्यों को पर्यावरण सुधार के लिए घर पर गमलों में वृक्षारोपण कर पर्यावरण में सुधार की बात कही। बैठक में सभी सदस्यों ने विश्व के समक्ष पर्यावरण प्रदूषण और उसमें सुधार पर संक्षिप्त में अपने विचार रखे।

# मूणत ने चौपाटी, स्वीमिंग पूल का लिया जायजा, सफाई में कोताही पर नाराज

**वंदना आटो से एनआईटी मार्ग पर चल रहे विकास कार्यों का प्रत्यक्ष निरीक्षण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने जीई मार्ग पर वंदना आटो से एनआईटी तक चल रहे विकास कार्यो की प्रगति का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय महापौर मीनल चौबे, निगम आयुक्त विश्वदीप, सभापति सूर्यकांत राठौर उपस्थित रहे।

स्थल निरीक्षण के समय अंतराष्ट्रीय स्वीमिंग पूल के आसपास सफाई व्यवस्था लचर होने पर राजेश मूणत ने नाराजगी जताई। वहीं अनुपम गार्डन के पास गंदगी मिलने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परिसर की साफ-सफाई का नियमित निरीक्षण किया करें। इस दौरान अनुपम गार्डन की साइड रोड पर स्थित दुकानों को उचित रूप से व्यवस्थित करने निर्देश दिए। दरअसल, बुधवार की सुबह शहर में चल रहे विकास कार्यों की वस्तुस्थिति जानने पश्चिम विधायक राजेश मूणत महापौर मीनल चौबे और सभापति सूर्यकांत राठौर तथा निगम अधिकारियों के साथ पैदल निकले। इसकी शुरुआत राजकुमार कालेज के सामने वाले मार्ग से हुई। इसके बाद टीम एनआईटी मार्ग के आगे हो रहे सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण करने पहुंची। साथ ही आमानाका ब्रिज के नीचे प्रस्तावित नई चौपाटी स्थल पहुंचकर कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया। श्री मूणत ने नई चौपाटी का कार्य जल्द पूरा करने निर्देश दिये। इसके बाद साइंस कालेज के सामने वाली वर्तमान चौपाटी स्थल गये जहां साफ-सफाई की व्यवस्था सही नहीं पाये जाने पर महापौर मीनल चौबे ने अनुबंधित ठेकेदार को सफाई व्यवस्था सुधारने निर्देश दिये।

स्वीमिंग पूल के आसपास मिली गंदगी



सूत्रों के मुताबिक नगर निगम के जीई रोड स्थित अंतर्राष्ट्रीय स्वीमिंग पूल के गुणवत्ता को लेकर जन शिकायत मिलने पर श्री मूणत वस्तुस्थिति जानने पहुंचे वहां की साफ-सफाई को लेकर उन्होंने असंतोष व्यक्त किया। इसके बाद वे कला केन्द्र परिसर का निरीक्षण करने गये। श्री मूणत ने कहा कि शहर के विकास के लिए हम लगातार काम कर रहे हैं। सौंदर्यीकरण, खेल सुविधाएं और सार्वजनिक स्थानों को बेहतर बनाना हमारी प्राथमिकता है। इससे रायपुर को एक नया स्वरूप मिलेगा। महापौर मीनल चौबे ने इस मौके पर कहा कि शहरवासियों को अच्छी सुविधाएं मिले, इसके लिए नगर निगम पूरी मेहनत से काम कर रहा है। नई चौपाटी और स्वीमिंग पूल जैसे प्रोजेक्ट रायपुर को और बेहतर बनायेंगे।

निरीक्षण के दौरान लोककर्म विभाग अध्यक्ष दीपक जायसवाल, जोन 7 अध्यक्ष श्वेता विश्वकर्मा, पार्षद आनंद अग्रवाल,अपर आयुक्त यू.एस अग्रवाल, विनोद पांडे, अधीक्षण अभियंता यूके धलेंद्र, राजेश राठौर, जोन 5 कमिश्नर खीरसागर नायक, जोन 7 कमिश्नर राकेश शर्मा, कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा, अंशुल शर्मा जूनियर, ईश्वर लाल टावरे मौजूद रहे।

**अपेक्स बैंक के नवनियुक्त प्राधिकृत अधिकारी केदारनाथ गुप्ता का पदभार ग्रहण कार्यक्रम**

# साय ने कहा- सहकारिता को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य कर रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सहकारिता मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में सहकार से समृद्धि की संकल्पना को साकार किया जा रहा है। उनकी प्रेरणा से प्रदेश के घर-घर को सहकारिता से जोड़ने का कार्य हमारी सरकार कर रही है। उन्होंने कहा, नवनियुक्त प्राधिकृत अधिकारी के नेतृत्व में प्रदेश में सहकारिता को और अधिक मजबूती मिलेगी। सहकारी गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के साथ मिलकर प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है। हाल ही में हमने दुधारू पशु वितरण का शुभारंभ किया है, जिसके अंतर्गत पायलट प्रोजेक्ट के लिए प्रदेश के 6 जिलों का चयन कर हितग्राहियों को दो-दो दुधारू गाय वितरित की जा रही हैं।

मुख्यमंत्री राजधानी रायपुर के बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित के नवनियुक्त प्राधिकृत अधिकारी केदारनाथ गुप्ता के पदभार ग्रहण एवं अभिनंदन समारोह में शामिल हुए और उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जशपुर जिले के फरसाबहार में अपेक्स बैंक की नई शाखा का वर्चुअल शुभारंभ किया और क्षेत्रवासियों को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा, प्रदेश के किसानों और ग्रामीण जनों को बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराने की एक बड़ी पहल हमने इस वर्ष पंचायती राज दिवस से प्रारंभ की है। प्रदेश के 1460 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र खोले गए हैं, जिसके माध्यम से ग्राम पंचायत भवन में ही बैंकिंग सुविधा मिल रही है। उन्होंने बताया कि अगले पंचायती राज दिवस तक यह सुविधा प्रदेश के सभी ग्राम पंचायतों में उपलब्ध हो जाएगी, जिससे किसानों को बड़ी राहत मिलेगी।



### सत्य साईं अस्पताल को 2.25 करोड़ की सहायता

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में कार्यक्रम में मजगांव डॉक शिप बिल्डर्स लिमिटेड ने सीएसआर गतिविधियों के तहत राजधानी रायपुर के सत्य साईं हृदय चिकित्सालय को 2.25 करोड़ रुपए की सहायता राशि का चेक सौंपा। मुख्यमंत्री ने इस पुनीत कार्य के लिए मजगांव डॉक शिप बिल्डर्स लिमिटेड के प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।

### अपैक्स बैंक सबसे शक्तिशाली संगठन : डॉ. रमन

अपेक्स बैंक प्रदेश में 40 हजार करोड़ रुपए के टर्नओवर के साथ सबसे शक्तिशाली संगठन है और इसके माध्यम से अब तक 7 हजार 5 सौ करोड़ रुपए का ऋण किसानों को उपलब्ध कराया गया है। डॉ. सिंह ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से देश के हर एक नागरिक को बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा गया और इसी का परिणाम है कि आज बिना किसी बिचौलिए के शत-प्रतिशत राशि सीधे हितग्राहियों के खाते में प्राप्त हो रही है। उन्होंने कहा, सहकारिता के क्षेत्र में अभी भी अपार संभावनाएं हैं और शत-प्रतिशत किसानों को सहकारिता और अपेक्स बैंक से जोड़ने का काम शीघ्र पूरा करने का आह्वान किया।

### किसानों को बिना ब्याज मिल रहा अल्पकालिक ऋण

मुख्यमंत्री ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के मुख्यमंत्रित्व काल के दौरान सहकारिता के क्षेत्र में हुए बड़े बदलावों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा, उस समय किसानों को अल्पकालिक ऋण के लिए भारी-भरकम ब्याज दर से मुक्ति दिलाई और ब्याज दरों को लगातार कम कर किसानों को राहत दी। अब किसानों को कृषि कार्यों के लिए बिना किसी ब्याज के अल्पकालिक ऋण उपलब्ध हो रहा है। मुख्यमंत्री ने फरसाबहार में अपेक्स बैंक की नई शाखा खुलने पर क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए कहा, अब किसानों को बैंकिंग सुविधा के लिए 50-60 किलोमीटर दूर पत्थलगांव नहीं जाना पड़ेगा।

### सहकारिता को अंतिम गांव तक पहुंचा रहे मुख्यमंत्री

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने छत्तीसगढ़ में सहकारिता का बीजारोपण करने वाले महान विभूतियों को पुण्य स्मरण करते हुए कहा, छत्तीसगढ़ में श्री वामनराव लाखे और ठाकुर प्यारेलाल जैसे पुरोधाओं ने सहकारिता की नींव रखी, जिसका विकसित स्वरूप आज हम सभी देख रहे हैं। यह वर्ष सहकारिता का अंतर्राष्ट्रीय वर्ष है, और केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के प्रयासों से निश्चित रूप से इस क्षेत्र में चमत्कारिक परिवर्तन हो रहा है। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री के अथक प्रयासों से प्रदेश के किसानों के जीवन में खुशहाली आई है।

# आकाश के परिजन को अनुकंपा पर सरकार करेगी विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सुकमा में आईआईडी विस्फोट में शहीद हुए एएसपी आकाश राव गिरेपुंजे के परिजन को अनुकंपा नियुक्त देने पर सरकार विचार करेगी। बताया गया है, अनुकंपा नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू होने से पहले नियमानुसार शासकीय औपचारिकत पूरी की जाएगी। इस काम में कुछ समय लगने की संभावना है।

उच्च पदस्थ पुलिस सूत्रों के अनुसार इस मामले में फिलहाल पुलिस सबसे पहले घटना स्थल पर जांच करने में जुटी है। मौके पर फोरेंसिक साइंस से संबंधित अधिकारी साक्ष्य एकत्र कर रहे हैं। इसके आधार पर एक रिपोर्ट तैयार की जाएगी। यह रिपोर्ट राज्य शासन को दी जाएगी। घटना का पूरा ब्योरा विधिवत सामने आने के बाद सरकार अनुकंपा नियुक्त देने के संबंध में प्रक्रिया को आगे बढ़ाएगी।

### परिजनों से होगी बात

बताया गया है कि अनुकंपा नियुक्ति देने से पहले शहीद के परिजनों से अनुकंपा नियुक्ति प्राप्त करने के संबंध में उनके विचार लिए जाएंगे। उनके पात्र परिजन अगर अनुकंपा नियुक्ति पाने के लिए राजी होते हैं, तो सरकार ये तय करेगी कि किस पद पर नियुक्ति दी जानी उचित होगा। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व में राजनांदगांव के पूर्व एसपी वीके चौबे, कांग्रेस नेता महेंद्र कर्मा, पुलिस अधिकारी भास्कर दीवान सहित कुछ अन्य शहीद पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को सरकार नियमानुसार अनुकंपा नियुक्ति दे चुकी है, लेकिन फिलहाल सवाल ये है कि एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के शहीद होने पर उनके परिजन को कौन सा पद दिया जा सकता है, इस बारे में बाद में स्थिति साफ होगी।

### बैज ने कहा- मोदी सरकार के 11 साल में देश की अर्थव्यवस्था हुई चौपट



रायपुर। मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने भाजपा सरकार पर हमला बोला। उन्होंने पीएम मोदी के 11 साल पूरे होने पर भाजपा के संकल्प से सिद्धि अभियान को लेकर कहा, भाजपा 11 साल की नाकाम उपलब्धियों का झूठ जनता को परोस रही है। मोदी जुमले की सरकार चला रहे हैं। 11 साल में मोदी सरकार हर क्षेत्र में विफल हुई। मोदी सरकार के 11 साल पर सवाल उठाते हुए कहा, देश की विकास दर 6 प्रतिशत से कम हुई है। मेक इन इंडिया फेक इन इंडिया साबित हुआ है। मोदी सरकार देश की अर्थव्यवस्था को डुबाने में लगी है। 11 साल में देश की अर्थव्यवस्था चौपट कर दी है। राजीव भवन में संवाददाताओं से चर्चा में उन्होंने कहा, मोदी सरकार ट्रिलियन इकॉनामी की बात करती है, यहां प्रति व्यक्ति आय में भारत कही नहीं है। हंगर इंडेक्स में भारत 105वें स्थान पर है।

# कैमिकल गोदाम में आग, गली संकरी होने की वजह से फायर कंट्रोल करने में हुई परेशानी

**स्टेशन रोड स्थित सत्कार गली में जहां आग लगी वह घनी आबादी वाला इलाका**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



गंज थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित सत्कार गली में दो मंजिला कैमिकल गोदाम में आग लगने से हड़कंप मच गया। आग लगने की घटना सवा आठ से साढ़े आठ बजे के बीच की है। आग लगने का कारण अज्ञात है। देर रात फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया जा सका। जहां आग लगी थी, वहां तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी निकालने ड्राइवर को परेशानी का सामना करना पड़ा। इस वजह से आग पर काबू पाने घंटों मशक्कत करनी पड़ी।



पुलिस के अनुसार लक्ष्मी कैमिकल में आग लगने की घटना हुई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस, फायर ब्रिगेड, एसडीआरएफ तथा नगर निगम के अफसर मौके पर पहुंच गए। आग से किसी तरह से बड़ी अनहोनी टालने एरिया की बिजली बंद की गई। मौके पर फायर ब्रिगेड की जो गाड़ियां आग पर काबू पाने पहुंची थीं, गाड़ी को गली से बाहर निकालने मोड़ने के लिए जगह नहीं मिल पा रही थी। इस वजह से फायर ब्रिगेड की गाड़ी को बैक कर निकालना पड़ रहा था। इसके अलावा गली के अंदर बने मकानों के आजू-बाजू छज्जा निकला हुआ था। इस वजह से गली के अंदर फायर ब्रिगेड की गाड़ी ले जाने में परेशानी हो रही थी। गोदाम के अंदर की दीवाल तथा दरवाजा तोड़ने जेसीबी की मदद लेने पड़ी।

# संवैधानिक हक के लिए 16 सामाजिक संगठनों ने एक साथ मिलकर दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर बुधवार को संवैधानिक हक के लिए 16 सामाजिक संगठनों ने एक साथ मिलकर राज्य व्यापी धरना दिया। 10 सूत्रीय मांगों के प्रति शासन का ध्यान आकर्षित कराने बड़ी संख्या में दूरदराज से सर्व समाज के पदाधिकारी उपस्थित रहे। पदोन्नति में आरक्षण और 25 सालों से बैकलाग पदों पर भर्ती नहीं किये जाने से नाराज समाज जनों ने संवैधानिक अधिकारों की अनदेखी को लेकर जमकर नाराजगी जताई।

प्रदेश स्तरीय धरना में छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति, जनजाति, जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ अजाक्स, छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल आरक्षित वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ एवं सोशल जस्टिस एंड लीगल फाउंडेशन छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में विभिन्न अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति सामाजिक संगठन के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।




### पदोन्नति के बिना रिटायर हो गये 30 से 40 हजार कर्मचारी

धरना प्रदर्शन में शामिल अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ के प्रांताध्यक्ष आरएन ध्रुव, अजाक्स के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. लक्ष्मण भारती का कहना है कि वर्ष 2019 से पदोन्नति में आरक्षण नहीं मिलने से प्रदेशभर में 30 से 40 हजार कर्मचारी बिना पदोन्नति के रिटायर हो गये। यही नहीं, आरक्षित श्रेणी के विरुद्ध अनारक्षित वर्ग के कर्मचारी, अधिकारी को पदोन्नति दे दी गयी। पदाधिकारी द्वय ने इस बात पर नाराजगी जताई है कि संवैधानिक प्रावधान का पालन नहीं किया गया है। पिछले 25 साल से पदोन्नति में बैकलाग भर्ती नहीं की गयी, जबकि 2 बार सुप्रीम कोर्ट ने इस संबंध में सरकार को आदेश भी दिया। इसके बाद भी पदोन्नति में आरक्षण नहीं दिया गया। एक तरह से यह दोहरा मापदंड अपनाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ अजाक्स के प्रांतीय महासचिव पीएल महिपाल ने कहा कि आरक्षण रोस्टर का पालन कई विभागों में नहीं हो रहा है। इसके साथ ही जाति प्रमाणपत्र बनाने की प्रक्रिया का सरलीकरण किया जाना चाहिए।

**आधी रात बाद बहाल हो सकी विद्युत व्यवस्था**

# दोपहर तक विद्युत तारों से उलझी टहनियों को हटाने चलती रही कवायद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आधे घंटे की प्री-मानसूनी बारिश के बाद बाधित विद्युत व्यवस्था को बहाल होने में छह घंटे का वक्त लग गया। राहत अमला सुबह से दोपहर तक विभिन्न इलाकों में तारों से उलझी टहनियों और पेड़ों को हटाने मशक्कत करता रहा। बारिश से बिजली सप्लाई में कोई बड़ा फाल्ट तो नहीं आया, मगर छोटी शिकायतों का ढ़ेर लगा रहा। बिजली गुल होने से हलाकान लोग शिकायत नंबर पर ट्राई करते रहे, जो इंगेज रहा। कई इलाकों में बिजली दफ्तर में देर रात हंगामे के साथ धमकी-चमकी का दौर भी जारी रहा। मंगलवार शाम रायपुर में भारी बारिश हुई और इसका साइड इफेक्ट विद्युत व्यवस्था पर नजर आया। बारिश शुरू होने के साथ आधे शहर की बिजली गुल हुई, जो रात एक से दो बजे के बाद ही बहाल हो सकी। बारिश होने के बाद बनी उमस की स्थिति और गुल बिजली लोगों को हलाकान करती रही। बिजली गुल होने संबंधी शिकायतों के निराकरण के लिए विभागीय अफसरों और शिकायत नंबर पर कॉल जाते रहे, मगर नंबर इंगेज होने की वजह से लोगों के सब्र का बांध टूट गया। विभिन्न इलाकों के विद्युत कार्यालयों में लोगों की भीड़ जमा हो गई और जिम्मेदारों के नहीं मिलने पर छोटे कर्मचारियों पर गुस्सा उतारा गया। विद्युत विभाग के वितरण कंपनी के महाप्रबंधक भीम सिंह के मुताबिक विद्युत व्यवधान की वजह पेड़ों और टहनियों का तारों पर गिरने जैसी स्थानीय समस्या थी। आधी रात तक सभी शिकायतों को दूर कर विद्युत व्यवस्था को बहाल कर लिया गया। इसके बाद विद्युत विभाग का मरम्मत दल तारों से उलझे पेड़ों की टहनियों को हटाने के साथ टूटे तारों को जोड़ने का काम करता रहा।


आधे घंटे की बारिश में आधे शहर में ब्लेक आउट
जगह-जगह जाम, नालियां ओवरफ्लो, डीडीनगर, टिकरापारा में पेड़ गिरे

### महावीर नगर में विद्युत दफ्तर का घेराव

महावीर नगर और अमलीडीह इलाके में रात ढाई बजे के बाद विद्युत व्यवस्था बहाल हो सकी। यहां के स्थानीय लोग तेलीबांधा इलाके के विद्युत कार्यालय में पहुंचकर नाराजगी जताते रहे। शंकर नगर इलाके में कुछ इसी तरह की घटना हुई और चक्काजाम की चेतावनी के बाद राहत अमला सक्रिय हुआ और लाइट लौटी।

### टिकरापारा में दोपहर हटा पेड़

टिकरापारा के नूतन स्कूल के समीप पेड़ टूटकर बिजली तारों से उलझ गया था। अस्थायी माध्यम से बिजली रात एक बजे लौटी और तारों तथा पेड़ की टहनियों को बुधवार दो बजे के बाद अलग किया जा सका। इसी तरह शहर के विभिन्न इलाकों से छोटे-मोटे फाल्ट आज भी दूर किए जाते रहे।

### जिला अस्पताल समेत पंडरी की बिजली गुल

बारिश के दौरान जिला अस्पताल पंडरी की विद्युत व्यवस्था बाधित रही। लंबे समय तक विद्युत व्यवधान होने की वजह जनरेटर भी साथ छोड़ने लगा था। जिम्मेदार बिजली विभाग के अफसरों का फोन घनघनाते रहे। रात दो बजे के बाद बिजली लौटी। देवेन्द्र नगर और पंडरी इलाके में भी रात्रि एक बजे तक लाइट गुल रही।

# 7128 विद्यार्थियों ने पिछले सत्र में प्रौढ़ों को किया साक्षर, इस बार भी बोर्ड में 10 अंक बोनस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दसवीं-बारहवीं में पढ़ने वाले ऐसे विद्यार्थी जो किसी प्रौढ़ को साक्षर करेंगे, उन्हें 10 अंकों का बोनस प्रदान किया जाएगा। यह प्रावधान उल्लास नव भारत साक्षरकता कार्यक्रम के अंतर्गत बीते सत्र में किया गया था। अब शैक्षणिक सत्र 2025-26 में भी छात्रों को यह लाभ प्रदान किया जाएगा। गौरतलब है कि राष्ट्रीय साक्षरता मिशन का नाम परिवर्तन कर इसे उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम कर दिया गया है। इसके अंतर्गत ऐसे प्रौढ़ जो विभिन्न कारणों से शिक्षा प्राप्त नहीं कर पाते हैं तथा पढ़ना-लिखना भी नहीं जानते हैं, उन्हें साक्षर किया जाता है। पूर्व में इस साक्षरता कार्यक्रम के लिए विभिन्न स्तरों पर प्रेरक नियुक्त किए गए थे। इन्हें निश्चित राशि भी प्रौढ़ों को प्रदान करने के बदले प्रदान की जाती थी। अब इसमें बदलाव कर दिया गया है। प्रेरक के स्थान पर स्वयंसेवी शिक्षक प्रौढ़ों को पढ़ाते हैं। स्वयंसेवी शिक्षक के रूप में हाईस्कूल व हायरसेकंडरी के छात्रों को भी पढ़ाने की पात्रता प्रदान की गई है। प्रौढ़ों को पढ़ाने वाले स्वयंसेवी शिक्षकों का सर्वे किया जाएगा।

इसके पश्चात निर्धारित पोर्टल पर इनकी एंट्री भी होगी। सर्वे के लिए जिले के मैदानी अमले की सहायता लेने कलेक्टर और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को खत लिखा गया है।

## खबर संक्षेप

### आकाशीय बिजली से एक मृत, एक गंभीर

महासमुंद। बसना थाना क्षेत्र के भंवरपुर चौकी के ग्राम खुसरुपाली में आकाशीय बिजली की चपेट में एक बालक की मौत हो गई। वहीं एक गंभीर रुप से झुलस गया। घटना मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक मंगलवार दोपहर अचानक मौसम बदल गया। ग्राम खुसरुपाली निवासी राजेश पारेश्वर (10) व उनके बड़े पिता के बेटे रुपेश पारेश्वर (12) साइकिल से घूमने के लिए खुसरुपाली-भंवरपुर मार्ग पर निकले थे। जहां से वापस घर लौट रहे थे। तभी अचानक बारिश शुरू हो गई। आकाशीय बिजली गिरने से राजेश पारेश्वर बुरी तरह झुलस गया। जबकि उसके पीछे साइकिल में आ रहे रुपेश पारेश्वर को हल्का झटका लगा। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और वाहन की व्यवस्था कर राजेश पारेश्वर को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई।

### रेत को लेकर मारपीट आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद**। लाफिन खुर्द में अटल चौक के पास रेत को लेकर मारपीट के मामले में दो लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। कोतवाली पुलिस को धर्मेंद्र साहू निवासी लाफिनखुर्द ने बताया कि 11 जून को अपने घर के प्लास्टर के लिए उसने पीयूष साहू सिर्री वाले से रेत मंगवाया था। जिसने फोन कर बताया कि ट्रैक्टर को तुम्हारे गांव के देवरथ यादव व सूरज यादव ने अटल चौक के पास रोक दिया है और जाने नहीं दे रहे हैं। जब प्रार्थी अटल चौक पहुंचा तो वहां पर देवरथ यादव एवं सूरज यादव से ट्रैक्टर चालक पीयूष साहू से बहस कर रहे थे, और उसके साथ भी बहस करने लगे। साथ ही ट्रैक्टर की चाबी को छीनने लगे जब पीयूष साहू को ट्रैक्टर आगे बढ़ाने लगे तो दोनों आरोपी मिलकर गाली गलौज करते हुए मापीट करने लगे। रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### शहडोल के लिए खरोरा के ग्रामीण हुए रवाना

**महासमुंद**। सन्-1997 से शहडोल जिला में अखंड दुर्गा चालीसा का पाठ का आयोजन किया जा रहा है। अखंड दुर्गा चालीसा माता भगवती आदिशक्ति जगत जननी जगदम्बा दुर्गा की साधना आराधना करते हुए भक्ति ज्ञान एवं आत्मशक्ति से परिपूर्ण नशापान व मांसाहार तथा भूख भ्रष्टाचार से मुक्त चरित्रवान, चेतनावान, सद्भावनापूर्ण, परोपकारी एवं पुरुषार्थी समाज का निर्माण कर मानवता की सेवा धर्मरक्षा एवं राष्ट्ररक्षा करना लक्ष्य है। ग्राम खरोरा के ग्रामीण 12 जून को शहडोल जिला के लिए रवाना हुए। भगवती मानव कल्याण संगठन महासमुंद जिला के अध्यक्ष रंजित चंद्राकर ने बताया कि अखंड दुर्गा चालीसा का पाठ 28 साल पूर्ण हो गया।

### शासकीय पॉलिटेक्निक में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**महासमुंद**। शासकीय पॉलिटेक्निक महासमुंद में सत्र 2025-26 के लिए प्रथम वर्ष और लैटरल एंट्री के माध्यम से प्रवेश के लिए पंजीयन प्रक्रिया 11 जून से शुरू हो रही है। यह जानकारी संस्थान के प्रवेश प्रभारी डॉ. लक्ष्मीकांत कराल ने बताय कि प्रथम चरण पंजीयनः 11 जून से 15 जून तक, प्रथम चरण आवंटन लिस्टः 20 जून, प्रथम चरण प्रवेशः 21 जून से 24 जून तक, द्वितीय चरण पंजीयनः 26 जून से 29 जून तक, द्वितीय चरण आवंटन लिस्टः 4 जुलाई, द्वितीय चरण प्रवेशः 5 जुलाई से 8 जुलाई तक, तृतीय चरण पंजीयनः 10 जुलाई से 13 जुलाई तक, तृतीय चरण आवंटन लिस्टः 18 जुलाई एवं तृतीय चरण प्रवेशः 19 जुलाई से 22 जुलाई तक निर्धारित है।

पेज 11 का शेष

### ट्रैक्टर-बाइक में...

की सूचना मिलते ही सरसीवां पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गाताडीह ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने कनिष को मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बिलाईगढ़ भेजा गया। पोस्मार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। बताया जा रहा है

# बाल श्रमिक दिवस : कम उम्र के बच्चों से कारखाने में काम न करायें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा ग्राम पंचायत केसला में बाल श्रम दिवस पर विशेष आयोजन किया गया।

बाल मजदूरी से बच्चों के स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव पड़ता है और उन्हें शारीरिक एवं मानसिक रूप से क्षति पहुंचती है। बाल मजदूरी को रोकने के लिये संवैधानिक एवं विधिक उपाय किये गये हैं जैसे शिक्षा का अधिकार- 6 से 14 वर्ष के उम्र के सभी बच्चों के लिये निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का प्रावधान किया गया है। मनुष्यों के अवैध व्यापार एवं जबरन मजदूरी को भी दंडनीय बनाया गया है। बच्चों के माता पिता, अभिभावकों का दायित्व है कि वह 6 से 14 वर्ष के अपने बच्चें को शिक्षा का अवसर प्रदान करें।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार के अंतर्गत तालुका विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, योगिता जांगड़े द्वारा भी बाल श्रमिक दिवस पर विशेष शिविर का आयोजन औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिमगा में किया गया। प्राधिकरण में कार्यरत पैरालीगल वालंटियर सुकदेव सेन द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र ग्राम केसला, लाखन बंजारे द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र क्र. 1 ग्राम पंचायत गबौध, अजय कुमार द्वारा हथबंद, अश्वनी कुमार साहू द्वारा खपरीडीह, केशव प्रसाद साहू द्वारा स्व. सहायता समूह सेमरा, लोकेश यदु द्वारा ग्राम खैरवानी, चंद्रशेखर श्रीवास द्वारा गिरौधपुरी, नारेन्द्र देवांगन व अशोक श्रीवास्तव द्वारा अंबुजा फाउंडेशन भाटापारा में विश्व बाल श्रमिक दिवस पर विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन कर जन सामान्य को बाल श्रमिक के विरूद्ध अधिनियम व प्रावधानों की जानकारी दी गई।

## विश्व बाल श्रमिक दिवस पर दी कई नियम कानून की जानकारी



### अधिनियम का उल्लंघन पर सजा का प्रावधान

सचिव द्वारा बताया गया कि बच्चों को एक ऐसे परिवेश में बड़े होने की जरूरत है, जिससे कि वे स्वतंत्र एवं गरिमापूर्ण जीवन जीने योग्य बन सकें। उन्हें शिक्षा एवं प्रशिक्षण का अवसर प्राप्त हो, ताकि वे बड़े होकर जिम्मेदार नागरिक बन सके। बाल मजदूरी (निषेध एवं नियमन) अधिनियम के अनुसार 14 वर्ष से कम उम्र के किसी बच्चे को किसी कारखाने या खान में काम में नहीं लगाया जाना चाहिये। साथ ही जोखिमपूर्ण रोजगार में भी उन्हें नियोजित नहीं किया जाना चाहिये। जैसे पीतल की वस्तुएं बनाने वाले, ताला, माचिस, फटाखा, हीरा काटने, पत्थर खदान, ईंट भट्ठे,बीड़ी बनाने, मोटर गाड़ी के मरम्मर के उत्पादन क्षेत्र में कार्य पर नियोजित नही किया जाना चाहिये। यदि कोई अधिनियम का उल्लंघन करता है तो सजा का प्रावधान है, जिसमें कारावास और जुर्माने की सजा हो सकती है।

## अनदेखीव : किसानों ने की स्थाई समाधान एवं मुआवजे की मांग

# सीमेंट संयंत्र का गंदा पानी खेतों में घुसा, किसानों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार/रवान



ग्राम रवान स्थित बहुराष्ट्रीय सीमेंट संयंत्र एक बार फिर अपनी लापरवाही के चलते किसानों की नाराजगी का कारण बन गया है। संयंत्र से निकलने वाला गंदा और रासायनिक कणों से युक्त पानी खेतों में फैलकर भारी तबाही मचा रहा है। किसानों की वर्षों पुरानी शिकायतों के बावजूद अब तक संयंत्र प्रबंधन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

वर्षों से संयंत्र द्वारा निकाला जा रहा अपशिष्ट जल पास के नालों के माध्यम से खेतों तक पहुंच रहा है। इस जल में कोयले, प्लाई ऐश, सीमेंट एवं धूलकणों की मौजूदगी से न केवल खड़ी फसलें प्रभावित हो रही हैं, बल्कि खेतों की उर्वरता भी समाप्त हो रही है।

बीते वर्ष कई किसानों की तैयार धान की फसल इस पानी से पूरी तरह नष्ट हो गई थी। इस साल भी कोलियार्ड नाले से तेज बहाव में बहता पानी किसानों की जमीनों में घुस गया है। पानी भरने से फसलों में अंकुरण शुरू हो गया है, जिससे फसलें खराब होने की आशंका और बढ़ गई है। प्रभावित किसानों का कहना है कि उन्होंने एक सप्ताह पहले ही संयंत्र अधिकारियों को सूचित कर दिया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

पीड़ित किसान धनेश्वर साहू ने कहा कि, बारह महीने खेतों में गंदा पानी भरे रहने के कारण मैंने किसानी छोड़ दी है। अधिकारी सिर्फ आश्वासन देते हैं।

नंदू साहू ने बताया कि, फसल बुवाई के समय भी संयंत्र द्वारा पानी छोड़ा जाता है, जिससे खेती करना मुश्किल हो गया है।

दशमत बाई का कहना है, किसानी ही हमारा जीवन है, लेकिन संयंत्र उसे भी तबाह कर रहा है। शिकायतों के बावजूद कोई हल नहीं निकलता।वहीं छेदु वर्मा ने कहा, शासकीय कर्मचारी संयंत्र की मेहमाननवाजी में इतने व्यस्त हैं कि कार्रवाई करना ही भूल जाते हैं। विरोध में किसानों का आरोप है कि एक ओर अंबुजा फाउंडेशन किसानों की मदद व प्रशिक्षण का दावा करता है, वहीं दूसरी ओर खेतों में गंदा पानी छोड़कर उन्हें मानसिक, आर्थिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है। संयंत्र की जनसुनवाई में किए गए वादे खोखले साबित हो रहे हैं। संयंत्र की कथनी और करनी में भारी अंतर है, जिससे स्थानीय लोगों में भारी रोष है।

किसानों ने कई बार कलेक्टर से लेकर कृषि विभाग तक शिकायत की है। कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा मुआयना भी किया गया है, लेकिन कार्रवाई न होने से किसानों में निराशा है। कुछ किसानों ने बताया कि फसल नुकसान के कारण वे दोहरी बुवाई का बोझ भी झेल रहे हैं। इस पूरे मामले पर संयंत्र के प्रतिनिधि गिरधर मिश्रा ने कहा कि संयंत्र से निकलने वाला पानी प्राकृतिक है। वहीं ग्राम पंचायत रवान की सरपंच निकिता भारती ने कहा कि किसानों की शिकायत पर नाले की सफाई करवाई जाएगी।

**कार्रवाई की जाएगी**

जानकारी मिली है और शिकायत के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।
- **जितेंद्र कंवर**, जिला कृषि अधिकारी

## मोदी के 11 साल की उपलब्धि जनता तक पहुंचाने भाजपा चलाएगी संकल्प से सिद्धि अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

भाजपा सिमगा मंडल की आवश्यक बैठक मंगलवार को हुई। इसमें मंडल अध्यक्ष चंद्रमणी तिवारी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 साल के कार्यकाल को गौरव पूर्ण उपलब्धि के रूप में जनता तक पहुंचाने के लिए भाजपा द्वारा देशव्यापी संकल्प से सिद्धि अभियान चलाया जा रहा है। यह विकसित भारत का अमृतकाल एवं सेवा सुशासन तथा गरीब कल्याण के 11 साल पर आधारित रहेगा।

- एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा

जिसमें मंडल स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मंडल अध्यक्ष तिवारी ने बताया कि 9 जून से 9 जुलाई तक डिजीटल प्रतियोगिता, जिसमें बदलता भारत मेरा अनुभव, 12 से 14 जून मंडल स्तर पर संकल्प सभा, 15 से 17 जून तक शक्ति केंद्र स्तर पर चौपाल, आयुष्मान पंजीकरण एवं साहित्य वितरण। 17 से 21 जून तक मंडल स्तर पर योग दिवस। 23 जून को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस को बुथ स्तर पर मनाने, 25 जून आपात काल को काला दिवस के रूप में मनाते हुए लोकतंत्र के सेनानियों का सम्मान किया जाएगा। इसके साथ ही 5 जून से 15 अगस्त तक प्रधानमंत्री के एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृहद पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा। उक्त कार्यक्रम के लिए भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं को जवाबदारी सौंपी गई है। बैठक में वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल पांडे, छोटू यादव, अभिजीत अवस्थी, सूर्यकांत ताम्रकार, परस पाटकर, आशीष शर्मा, टैबू देवांगन पार्षद, नीलकंठ यदु, छगन वर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मंत्री टंकराम के सभी कार्यक्रम स्थगित



**बलौदा बाजार**। गुजरात प्लेन क्रैश दुर्घटना पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने अपने जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सारे कार्यकमों को स्थगित कर इस दुर्घटना में मारे गये लोगों की लिए 2 मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दी।

### आवेदन की अंतिम तिथि 30 तक बढ़ी

**महासमुंद**। भारत सरकार, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा ई-श्रम पोर्टल में पंजीकृत असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए दुर्घटना के कारण मृत्यु या दिव्यांगता की स्थिति में एक्सग्रेशिया भुगतान योजना लागू की गई है। इस योजना के अंतर्गत पात्र श्रमिकों एवं उनके आश्रितों को 2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। श्रम पदाधिकारी डीएन पात्र ने बताया कि इस योजना के तहत आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि को वृद्धि करते हुए अब 30 जून 2025 तक कर दिया गया है।

## उत्पादन बढ़ाने नई उन्नत कृषि तकनीक से खेती करें किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

ग्राम सुहेला की कृषि उपज मंडी में गुरुवार को समिति 352 के अंतर्गत प्रथम पाली में विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में कृषि विभाग के साथ-साथ उद्यानिकी विभाग, पशुधन विभाग, मत्स्य विभाग, एफको एमसी विभाग और सहकारिता विभाग के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से भाग लिए।

- विकसित कृषि संकल्प अभियान संगोष्ठी में किसानों ने देखा ड्रोन तकनीक का प्रदर्शन

कार्यक्रम के दौरान आधुनिक खेती, जैविक कृषि और पशुपालन को लेकर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विशेषज्ञों और अधिकारियों ने किसानों को नई कृषि तकनीकों के उपयोग के लिए प्रेरित किया। मुख्य आकर्षण रहा ड्रोन तकनीक का प्रदर्शन, जिसमें किसानों को खेतों में दवा और



पानी के छिड़काव हेतु ड्रोन के कुशल उपयोग का डेमो दिखाया गया।

विशेषज्ञों ने बताया कि ड्रोन से छिड़काव करने से समय, पानी और दवाइयों की बचत होती है, जिससे खेती की लागत घटती है और उत्पादन अधिक होता है। किसानों ने इस तकनीक में गहरी रुचि दिखाई।

इसके साथ ही कार्यक्रम में जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को गाय पालन के लाभों से भी अवगत कराया गया। अधिकारियों ने बताया कि पहले किसान गोबर से जैविक खाद बनाकर खेतों में उपयोग करते थे, जिससे मिट्टी की गुणवत्ता बनी रहती थी, लेकिन आज अधिकांश किसान गाय नहीं पाल रहे हैं, जिससे गोबर खाद की उपलब्धता कम हो गई है और किसान रासायनिक खादों पर निर्भर हो गए हैं।

किसानों को जैविक खाद के निर्माण, गोबर गैस के उपयोग और परंपरागत खेती पद्धतियों के लाभों की जानकारी दी गई और उन्हें इन उपायों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के अंत में वृक्षारोपण की आवश्यकता पर भी बल दिया गया, ताकि पर्यावरण संतुलन बना रहे और क्षेत्र हराभरा बना रहे।

इस आयोजन को लेकर किसानों में खासा उत्साह देखा गया। उन्होंने कार्यक्रम को शिक्षाप्रद और प्रेरणादायक बताया। आयोजन का उद्देश्य स्थायी, लाभकारी और पर्यावरण-अनुकूल कृषि को बढ़ावा देना था, जिसे स्थानीय किसानों ने खुले मन से सराहा।

कार्यक्रम में विशेष रूप से शाखा प्रबंधक शिवदास मानिकपुरी, कृषि वैज्ञानिक डॉ सागर आनंद पांडे, इफको से ऋषभ श्रीवास, ए के वर्मा पर्यवेक्षक,समिति अध्यक्ष गिरजाशंकर वर्मा, सरपंच मोगरा घृतलहरे, उपसरपंच देवेंद्र घृतलहरे, भानु वर्मा जनपद सदस्य सिमगा, हेमंत बघमार मंडल अध्यक्ष, युगल किशोर वर्मा, नवीन शेष किसान संघ, संतोष, धनीराम इत्यादि गणमान्य नागरिक भारी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## यातायात पुलिस ने लगाया 1.75 लाख का अर्थदंड

# शराब पीकर वाहन चलाने वाले 17 पकड़ाये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार-भाटापारा



जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों पर सख्त कार्यवाही लगातार जारी है। 9 जून को न्यायालय द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 17 वाहन चालकों को पर 1,75,000 रुपए अर्थदंड लगाया।

पुलिस की कार्यवाही में शराब पीकर वाहन चलाने वाले 16 प्रकरण में पृथक पृथक 10-10 हजार का अर्थदंड, एक प्रकरण में 15 हजार से दंडित किया गया है। ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से यातायात शाखा कसडोल, भाटापारा एवं सिमगा में चेकिंग कर वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया।

बलौदाबाजार । जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम एवं शराबी वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने हेतु यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों की चेकिंग कर उनके वाहन विधिवत जप्त करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया भी लगातार की जा रही है। चेकिंग अभियान में यातायात शाखा कसडोल, भाटापारा एवं सिमगा में ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से चेकिंग कर 17 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया।

पुलिस द्वारा इन सभी 17 प्रकरणों में चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल की विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए, इनके वाहन विधिवत जप्त कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसमें आज 9 जून को न्यायालय द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 16 प्रकरण में वाहन चालकों को पृथक-पृथक 10 - 10 हजार तथा 1 प्रकरण में 15 हजार अर्थदंड का आदेश दिया गया है। इस प्रकार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस की संपूर्ण कार्यवाही में न्यायालय द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 17 वाहन चालकों को कुल 1,75,000 का अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों पर कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

## ट्रेन से कटकर महिला ने दी जान, युवक ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

। बागबाहरा थाना अंतर्गत बुधवार को एक महिला ने ट्रेन से कटकर तथा एक युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने दोनों ही मामले में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

जानकारी के अनुसार दैहानीभाठा वार्ड-15 निवासी संगीता यादव (21) ने अपने मोहल्ले के पीछे रेलपांत पर ट्रेन से कटकर खुदकुशी कर ली। चालक की सूचना पर स्टेशन मास्टर ने बुधवार-गुरूवार रात साढ़े तीन बजे थाने में इसकी सूचना दी। घटना रात 2.50 बजे पोल क्रमांक 82/16 से 82/18 के बीच की है। पुलिस ने बताया कि संगीता यादव का मायका ग्राम जुमला खरियार रोड ओड़िशा है। तीन वर्ष पूर्व उनका विवाह दैहानीभाठा के शिव यादव के साथ हुआ था। बीती रात पति के साथ विवाद के बाद वह घर से निकल कर ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली।

इसी तरह वार्ड-9 निवासी रूद्राक्ष यादव (25) ने अपने घर की छत के हुक में गमछे से फांसी लगाकर जान दे दी। जिसकी जानकारी परिजनों को गुरुवार सुबह हुई। पुलिस के अनुसार परिजनों ने बताया कि युवक रात में घूमकर आया और खाना खाने के बाद सोने कमरे में चला गया। सुबह मकान के बाहर छत में उनका शव फांसी पर लटका मिला। परिजनों के अनुसार युवक नशेड़ी प्रवृत्ति का था।

# धोबी समाज की एकता को बनाए रखना सभी सदस्यों की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

छत्तीसगढ़ धोबी समाज कोर कमेटी की बैठक तरेंगा राज के तत्वावधान में नेहरू नगर भाटापारा में प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार निर्मलकर की अध्यक्षता में हुई। कोर कमेटी की बैठक में प्रदेश एवं जिलों से आये पदाधिकारियों ने समाज के सभी फिरकों को लेकर लोकतांत्रिक पद्धति से प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव कराने पर जोर दिया। वहीं एक समाज एक संगठन की एकता को मजबूत बनाने के लिए पदाधिकारियों ने अपने-अपने विचार रखें। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रदेश महासचिव कृष्णकुमार निर्मलकर एवं तरेंगा राज सचिव नारायण निर्मलकर द्वारा किया गया। कार्यक्रम को अन्य पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम रजक, डॉ. रामकुमार निर्मलकर, प्रदेश संरक्षक महेश निर्मलकर, प्रदेश उपकोषाध्यक्ष, धनेश्वर निर्मलकर, प्रदेश प्रवक्ता राजेश रजक, सहायक चुनाव अधिकारी राजेंद्र निर्मलकर, आईटी सेल प्रदेश अध्यक्ष कमलेश रजक, मुंगेली जिला अध्यक्ष दिलीप रजक, शक्ति जिला अध्यक्ष शिवनाथ बरेठ, प्रदेश सचिव भागीराम निर्मलकर, प्रदेश प्रवक्ता राजेंद्र निर्मलकर, युवा प्रकोष्ठ प्रदेश सदस्य परमानंद रजक, महिला प्रकोष्ठ प्रदेश कोषाध्यक्ष संतोषी रजक, उपाध्यक्ष सरोजनी निर्मलकर, जिला सचिव मनोज निर्मलकर, जिला संरक्षक शंकर रजक, जिला प्रवक्ता अरुण कन्नौजे, पोषण रजक, तरेंगा राज अध्यक्ष त्रिलोचन रजक, सह सचिव ईश्वर प्रसाद रजक, मुनीष निर्मलकर, जिला उपाध्यक्ष अश्वनी रजक, कमल रजक, राजप्रधान चेतन कनौजे आदि उपस्थित थे।

### 33 जिले के मतदाता सूची बने

बैठक को समाज के मुख्य चुनाव अधिकारी पीपी बलभद्र ने संबोधित करते हुए कहा की प्रदेश अध्यक्ष के लोकतांत्रिक चुनाव में प्रत्येक संभाग में पोलिंग बूथ बने। 33 जिले के मतदाता सूची बने एवं वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष का कार्यकाल दिसंबर 2025 तक किया। रजककार विकास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष लोकेश कनौजे ने कहा कि संगठन की एकता व ताकत की वजह से ही प्रथम प्रदेश अध्यक्ष बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। प्रदेश अध्यक्ष मनोज निर्मलकर ने एक समाज एक संगठन एक प्रदेश अध्यक्ष की एकता व संगठन को मजबूत बनाने पर प्रकाश डाला।

### छत्तीसगढ़ प्रदेश धोबी समाज कोर कमेटी की बैठक में हुए कई निर्णय



### समाज के लिए राजनीति करें समाज में राजनीति न करें

बलौदाबाजार जिला अध्यक्ष श्रीराम रजक, संभागीय महासचिव दिनेश निर्मलकर ने कहा कि समाज को मजबूत करने के लिए संभाग व जिले में निवासरत सभी फिरको को साथ लेकर चलना होगा। सभी फिरको के मतदाता सूची तैयार कर एक मजबूत संगठन बनाना है, तब कहीं जाकर समाज विकास की ओर अग्रसित होंगे। प्रदेश पदाधिकारियों को सभी जिलों का दौरा करना चाहिए। बेमेतरा जिला अध्यक्ष अनिल रजक ने कहा कि समाज के लिए राजनीति करें समाज में राजनीति न करें। धनीराम निर्मलकर ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के नामांकन के लिए 10 हजार की राशि तय की जाए। संगठन को मजबूत करने के लिए सभी 33 जिलो में लोकतांत्रिक चुनाव से चुनाव हो। सभी जिलों का दौरा कर सभी फिरको को जोड़े जाए तो समाज में एकता दिखाई देगी।

## खबर संक्षेप

### वन कर्मियों पर हमला निंदनीय, सुरक्षा तय हो



**अर्जुनी।** गरियाबंद वनमंडल अंतर्गत वन परिक्षेत्र परसूली में 12 जून की सुबह सोहागपुर बीट के हरदी जंगल से अतिक्रमण हटाने गए डिप्टी रेंजर अशोक सिन्हा सहित पांच वन कर्मियों पर अतिक्रमणकारियों द्वारा प्राणघातक हमला कर बंधक बनाने की घटना का छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ बलौदाबाजार जिला के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मनबोधन टंडन ने कड़ी निंदा की है। वहीं वनकर्मियों की सुरक्षा तय करने शासन प्रशासन से मांग की गई। संघ ने कहा कि पूरा वन परिवार सभी घायल साथियों के साथ है तथा बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने और हमलावरों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई के लिए शासन प्रशासन से मांग की गई है।

### आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए मेरिट सूची जारी

**बलौदाबाजार।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सोनाखान अंतर्गत कक्षा 6वीं में प्रवेश परीक्षा की काउंसिलिंग 19 एवं 20 मई को की गई थी, जिसका मेरिट सूची जिले के वेब साईट पर जारी कर दी गई है। विद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया 16 से 18 जून तक निर्धारित की गई है।

### युवक के साथ मारपीट

**महासमुंद।** सरायपाली में युवक के साथ मारपीट की घटना में दो आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस को कन्हैयालाल चौहान वार्ड नंबर 08 टावरपारा झिलमिला सरायपाली ने बताया कि 11 जून को लगभग दोपहर 3 बजे के वह वन विभाग के नर्सरी के पास था, जहां पर उसके मोहल्ले के अनुराग दास एवं कार्तिक आदित्य आये और गाली गलौज करने लगे। गाली देने से मना करने पर दोनों जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट किया।

### बाइक चालक ने स्कूटी को मारी टक्कर, एक घायल

**महासमुंद।** नगर के कचहरी चौक के पास एक स्कूटी चालक को बाइक ने टक्कर मार दी, जिससे एक व्यक्ति को चोट आई। पुलिस को प्रार्थी किशोर कुमार शुक्ला ने बताया कि घायल नरेन्द्र दुबे से उनकी जान पहचान है, वे 11 जून को कंप्यूटर सेंटर से फोटोकापी कराकर अपनी स्कूटी से वापस घर की ओर जा रहे थे, 7 बजे कचहरी चौक के पास पहुंचने पर बाइक क्रमांक सीजी 04 क्यूडी 5428 के चालक ने अपनी बाइक को तेजी व लापरवाहीपूर्वक यातायात के प्रवाह के विरूद्ध चलाकर एक्सीडेंट कर दिया ।

### ठेकेदार ने गांव में नल पाइप लाइन बिछाने खोदी सड़क बगैर कांक्रीट किए अधुरी छोड़ा

# नल-जल योजना ग्रामीणों के लिए बनी मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदा बाजार

प्रधानमंत्री नल-जल योजना, जिसका उद्देश्य हर घर तक स्वच्छ जल पहुंचाना है, वह अब ग्राम पंचायत मेढ़ में हाथ-पैर तुड़वा योजना के नाम से बदनाम होती जा रही है। गांव की गलियों में पाइपलाइन बिछाने के लिए की गई कंक्रीट सड़कों की खुदाई वर्षों से अधूरी पड़ी है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार, जगह-जगह खुदाई के बाद गड्ढे ऐसे ही छोड़ दिए गए हैं। कई स्थानों पर पानी जमा होकर तालाब जैसी स्थिति बन रही है, जिससे बदबू फैल रही है और मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। इन रास्तों से गुजरना आम लोगों के लिए जोखिम भरा हो गया है और दुर्घटनाएं लगातार हो रही हैं।

### कोई ठोस कदम नहीं उठाया



उप सरपंच विजय साहू ने बताया कि योजना की लापरवाही के कारण अब तक कई लोग गड्ढों में गिरकर घायल हो चुके हैं। उन्हें स्वयं अस्पताल तक पहुंचाना पड़ा है। उनका कहना है कि अधिकारियों को कई बार सूचित करने के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने मांग की कि अधूरी खुदाई को तत्काल भरकर कंक्रीट किया जाए और शेष पाइपलाइन कार्य को शीघ्र पूरा किया जाए।







### गड्ढों में जलभराव के कारण बदबू



पूर्व सरपंच भागचंद चेलक ने कहा कि इन गड्ढों में जलभराव के कारण बदबू और गंदगी फैल रही है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। त्रिलोचन सिंह मांडवी ने आरोप लगाया कि पिछले चार वर्षों से कार्य अधूरा पड़ा है और कोई जिम्मेदार अधिकारी इसका संज्ञान नहीं ले रहे हैं।

### कार्रवाई ही की मांग



नीरज गुप्ता ने बताया कि जगह-जगह रखे गए भारी बॉर्डरों और गड्ढों के कारण दुर्घटनाएं आम हो गई हैं, जिससे कई लोग गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं। उन्होंने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई ही की मांग की है।

### अधूरी खुदाई से न सिर्फ लोगों को परेशानी



जनपद सदस्य पद के पूर्व प्रत्याशी सत्येंद्र पैकरा ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि इस स्थिति ने गांव को 20 साल पहले की स्थिति में लाकर खड़ा कर दी है। मनीष कुमार ध्रुव ने बताया कि अधूरी खुदाई से न सिर्फ लोगों को परेशानी हो रही है, बल्कि जमा पानी के कारण सांप-बिच्छू घरों में घुस रहे हैं और मवेशियों को बैठने की जगह नहीं मिल रही है, जिससे वे घरों में घुसकर नुकसान पहुंचा रहे हैं। ग्रामीणों ने जल्द ही जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर सामूहिक शिकायत दर्ज कराने की चेतावनी दी है।

# संयंत्र रावन में भारी मोटर वाहन प्रशिक्षण का शुभारंभ



**बलौदाबाजार।** अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, रावन सीमेंट वर्क्स, सी एस आर द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व की सतत आजीविका पहल के अंतर्गत 12 जून को ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से भारी मोटर वाहन प्रशिक्षण (HMV) कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन संयंत्र प्रमुख नूगुरी केशव एवं मानव संसाधन प्रमुख करण मिस्त्री के मार्गदर्शन में किया गया।

कार्यक्रम के दौरान एडमिन, सिक्योरिटी, सीएसआर प्रमुख संजीव मिश्रा, लाजिस्टिक प्रमुख अमिया पात्रों ने हरि झंडी दिखाकर कार्यक्रम की शुरुआत की तथा लाजिस्टिक अधिकारी प्रकाश जेना की गरिमामयी उपस्थिति रही। एक्सीलेंस ड्राइविंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट से प्रशिक्षक नीलेश साहू, मनीष बेहरा, मुरलीधर गोडेश्वर तथा अरुण कुमार सोनी शामिल रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सी एस आर अधिकारी ज्योत्सना पति एवं रंजय पाण्डेय तथा टीम से सुरेन्द्र यादव, द्वारिका वर्मा, ताराचंद वर्मा, जानकी यादव, हेमलता ध्रुव, रमा वर्मा, टोपेश्वर मानिकपुरी तथा नीरा वर्मा की भूमिका रही। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाना है, ताकि वे आत्मनिर्भर बनकर सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त हो सकें।

# 45 लीटर महुआ शराब जब्त 1100 किलो महुआ लाहन किया नष्ट





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में अवैध शराब निर्माण, भंडारण एवं परिवहन पर आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी तारतम्य में गस्त के दौरान कसडोल क्षेत्र में आबकारी विभाग की टीम ने 45 लीटर महुआ शराब जब्त कर 1100 किग्रा महुआ लाहन को नष्ट किया।

आरोपी देवप्रसाद यादव पिता कंशराम 35 वर्ष चौकी बया अंतर्गत ग्राम सैयहाभाठा के कब्जे से 20 लीटर महुआ शराब जब्त की गई और 600 किलो महुआ लाहन नष्ट किया गया।

इसी तरह आरोपी वासुदेव यादव पिता नरेश यादव 32 वर्ष चौकी बया अंतर्गत ग्राम सैयहाभाठा से 25 लीटर महुआ शराब जब्त की गई और महुआ लाहन नष्ट किया गया। आरोपी के विरूध्द आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2)(1)(च) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

### 32 पौवा शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**बलौदाबाजार।** आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है। 11 जून को थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने रिसदा रोड में घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले भुनेश्वर उर्फ भुन्ने यादव 22 वर्ष निवासी लोहिया को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 32 पौवा देशी मसाला शराब जब्त की गई। आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।



# हथमल दंपत्ति ने कुर्मी समाज को दान में दिए 15 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम किरना में छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज तिल्दा राज की बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम में पंजीकृत 29 प्रकरणों की सुनवाई सामाजिक आचार संहिता खण्ड 2 में उल्लेखित प्रावधानों के अधीन की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में ग्राम मूरा निवासी दाऊ सदाशिव हथमल, पत्नी सरोज बाई हथमल के साथ उपस्थित हुए। उन्होंने तिल्दा राज द्वारा ग्राम तुलसी नेवरा में 18000 वर्गफूट में निर्माणाधीन मनवा कुर्मी सदन को मांगलिक परिसर के रूप विकसित करने समाज की अपेक्षा के अनुरूप 15 लाख का चेक प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि हथमल परिवार ने ग्राम मूरा में गायत्री मंदिर एवं परिसर निर्माण हेतु लगभग एक करोड़, शान्ति कुंज हरिद्वार में 50 लाख एवं अन्य सामाजिक, धार्मिक स्थलों में लाखों रुपए दान किया है।

■ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज की बैठक में 29 प्रकरणों की सुनवाई हुई



प्राप्त दान राशि से अभिभूत राज के लिये लोकतांत्रिक पद्धति से द्वितीय बार के निर्वाचित राजप्रधान ठाकुर राम वर्मा ने कहा कि समाज में भामाशाहों की कमी नहीं, हम उस समाज की संतानें हैं जहां मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचन्द्र जी जैसे आदर्श, डॉ. खूबचंद बघेल जैसे पृथक छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम स्वप्नद्रष्टा, स्वामी आत्मानंद जैसे आध्यात्मिक स्तंभ, छत्रपति वीर शिवाजी जैसे वीर, सरदार वल्लभभाई पटेल जैसे लौहपुरुष, दाऊ भोला राम वर्मा, दाऊ तुला राम परगनिहा आर्य जैसे दानवीर, झाड़ू राम वर्मा, शहीद चिरंजीवी बघेल जैसे शहीदों ने जन्म लेकर आदर्श कर्मपथ का मार्ग प्रशस्त किया है। एक सभ्य,सुशिक्षित, समृद्ध समाज की कल्पना साकार करने की दिशा में दानवीरों की महति भूमिका रही है।

उन्होंने केंद्रीय अंकेक्षक सीए महेंद्र कश्यप द्वारा अपने पिता की स्मृति में मुख्य द्वार निर्माण हेतु किये गए संकल्प की प्रशंसा करते हुए आभार प्रकट किया।

कार्रवाई संचालन राजमंत्री दौलत धुरंधर, जीवन ज्योति रक्तदान समिति प्रदेशाध्यक्ष अनिल वर्मा व मनवा कुर्मी सदन उपाध्यक्ष डोमार धुरंधर ने किया। दानवीरों, ग्राम इकाई किरना, मुख्य संरक्षक महेश नायक एवं मनवा कुर्मी सदन के अध्यक्ष विश्वनाथ वर्मा ने निर्माणाधीन भवन में संभावित कक्षों, परिसर में संभावित सुविधाओं से अवगत कराते हुए स्वजातियों होने वाले लाभों को उल्लेख करते हुए अतिथियों व स्वजातियों के प्रति आभार व्यक्त किया। मंच को राज्य पिछड़ा आयोग की उपाध्यक्ष चंद्रकांति वर्मा ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य राजेन्द्र कुमार वर्मा, संरक्षक रामखिलावन वर्मा, उपराजप्रधान डॉ. कृष्णकुमार वर्मा, महिला अध्यक्ष रश्मि वर्मा, युवाध्यक्ष दीपक वर्मा, ममता पैंकरा, पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रवक्ता ऋषि वर्मा, श्यामलाल वर्मा, पूर्व उपराजप्रधान अरूणा रानी बघेल, अनुराधा वर्मा, नंदनी खिचरिया, शारदा वर्मा, देवकी बाघमार, गौरी वर्मा, भीमशंकर वर्मा, सूर्यकांत वर्मा, हीरा वर्मा, निकेत वर्मा सहित 93 ग्राम से क्षेत्रप्रधान, ग्रामप्रमुख एवं लगभग 1200 स्वजातीय उपस्थित थे।

### 5 नवीन पीडीएस दुकान संचालन के लिए आवेदन आमंत्रित

**बलौदाबाजार।** नगर पालिका बलौदाबाजार अंतर्गत स्वामी विवेकानन्द वार्ड, राजीव गांधी वार्ड, गुरु नानक देव वार्ड, चंद्रशेखर आजाद वार्ड एवं रानी लक्ष्मी बाई वार्ड में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन किया जाना है। दुकान हेतु लैम्प्स, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति, वन सुरक्षा समिति, महिला स्व सहायता समूह, ग्राम पंचायतों अन्य सहकारी समितियों से आवेदन आमंत्रित किया गया है। समस्त दस्तावेजों के साथ आवेदन पत्र कार्यालय कलेक्टर खाद्य शाखा जिला बलौदाबाजार -भाटापारा क्रक्ष क्रमांक 80 में कार्यालय समय पर जमा कर सकते हैं।

## गुजरात प्लेन क्रैश, जिपं अध्यक्ष का जन्मदिवस कार्यक्रम स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

गुजरात के अहमदाबाद में गुरूवार दोपहर एयर इंडिया के बोईंग 787 ड्रीमलाईनर प्लेन क्रैश दुर्घटना का समाचार सुनकर जिला पंचायत अध्यक्ष बलौदाबाजार-भाटापारा आकांक्षा गोलू जायसवाल ने गुरूवार को अपने जन्मदिन के अवसर पर होने वाले सभी कार्यक्रमों को कैंसल कर दिया है तथा दुर्घटना में हताहत लोगों के परिजनों के दुख में साथ होने की बात कही है।



विदित हो कि जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल का 12 जून को जन्मदिन था। जन्मदिन के अवसर पर उनके क्षेत्र समेत नगर में कार्यकर्ताओं द्वारा धूमधाम से जन्मदिन मनाने बीते सप्ताह से तैयारी चल रही थी। अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल गुरूवार दोपहर ग्रामीण इलाकों के दौरे पर थी, परंतु गुरूवार दोपहर को अहमदाबाद में एयर इंडिया के बोईंग 787 ड्रीमलाईनर प्लेन क्रैश दुर्घटना का समाचार सुनते ही उन्होंने अपना कार्यक्रम कैंसल किया। साथ ही जन्मदिन पर होने वाले दिन के शेष सभी कार्यक्रमों को भी तत्काल स्थगित कर संवेदनशीलता का परिचय दिया।

आकांशा गोलू जायसवाल ने इस दुर्घटना के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए हताहत लोगों को श्रद्धांजलि दी तथा उनके परिवारजनों के दुख में साथ रहने की भी बात कही।




**जहर सेवन से युवक की मौत:धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक युवक ने अपने घर में कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसर कुरूद थाना क्षेत्र के ग्राम नारी निवासी संतोष ध्रुव पिता सुरेश उम्र 35 वर्ष खेती-किसानी का काम करता था। बुधवार की रात्रि मृतक की मां उसे खाना खाने के लिए खोजते हुए छत पर गई जहां युवक उल्टी कर रहा था।




### युक्तियुक्तकरण के तहत हुई नियुक्ति, छात्रों में खुशी

# पूर्व माध्यमिक शाला को मिले दो नये शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

हाल ही में प्रदेशभर में चल रही युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के अंतर्गत शिक्षकों की नवीन पदस्थापनाएं की जा रही हैं। इसी क्रम में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया को दो नया शिक्षक प्राप्त हुआ है, जिससे ग्रामवासियों एवं विद्यार्थियों में उत्साह एवं आनंद का वातावरण देखा जा रहा है।

आरंग विकासखंड के मिडिल स्कुल कागदेही में पदस्थ शिक्षक संगम मन्नाडे एवं आरंग विकासखंड के ही मिडिल स्कूल सेमरिया में पदस्थ भारती तांती की पदस्थापना अब विकासखंड तिल्दा-नेवरा के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में की गई है। विद्यालय के प्रधानपाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा द्वारा नवपदस्थ शिक्षकों को विधिवत कार्यभार ग्रहण कराया गया। इसी प्रकार अभनपुर से आए शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पचरी में नवपदस्थ शिक्षक स्वरूप चंद ध्रुव को संकुल प्राचार्य प्रकाशचंद गिलहरे ने कार्यभार ग्रहण कराया ।



मिडिल स्कूल पचरी के शिक्षक दिनेश कुमार साहू (बड़े) ने कहा कि उनके अनुभव और शिक्षण कौशल से विद्यालय और बच्चों का समग्र विकास सुनिश्चित होगा। मिडिल स्कूल छड़िया के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि नवीन शिक्षक की पदस्थापना से न केवल विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी, बल्कि ग्रामवासियों की दीर्घकालिक मांग भी पूरी हुई है। इस अवसर पर ग्राम छड़िया की सरपंच सरिता उगेंद्र देवांगन, ग्राम पचरी के सरपंच अभिषेक वर्मा, संकुल समन्वयक कांत कुमार एवं शिक्षकगण तारकेश्वर कुमार धीवर, युगल किशोर वर्मा, नीतू मार्को मैडम व दिनेश कुमार साहू (छोटे) ने शिक्षक मन्नाडे, ध्रुव व भारती मैडम का स्वागत किया गया।

